


www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

★वेब चैनल ★यूट्यूब न्यूज★ 1 लाख लोग

(झाखण्ड-बंगाल-बिहार संस्करण)









वर्ष : 04 अंक : 291 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, शुक्रवार, 19 अप्रैल, 2024



A TRUSTED BRAND

CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL

CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)

ADMISSION OPEN

SESSION 2024 - 2025

HOSTEL FACILITY AVAILABLE

AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION

LIMITED SEATS

FIT INDIA SCHOOL

TOP 500

ISO 9001:2015

NURSERY TO CLASS XII

SCIENCE, COMMERCE & ARTS

BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD ✆ 9934319186


# आज पहले चरण के 102 सीटों पर मतदान की तैयारी पूरी, आज सुबह सात बजे से मतदान हुई शुरू







पोलिट लाइव रिपोर्टर

PL न्यूज डेस्क नयी दिल्ली : आम चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में 102 संसदीय सीटों के लिए शुक्रवार सुबह सात बजे मतदान शुरू होगा। जिसके लिए चुनाव अधिकारी मतदान केन्द्रों पर पहुंचा दिये गये हैं।

पहले चरण में लोक सभा के साथ साथ अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा कुल 92 सीटों के लिए भी मतदान कराये जाएंगे।

चुनाव आयोग ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं और उम्रदराज और दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

लोक सभा के पहले चरण के चुनाव में 16.63 करोड़ मतदाता केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल सहित कुल आठ केन्द्रीय मंत्रियों, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक पूर्व राज्यपाल 1605 प्रत्याशी के चुनावी भविष्य का फैसला करेंगे। आयोग की ओर से गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार मतदान कल सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान कराया जाएगा। आयोग के अनुसार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों पर मतदान के समय अलग-अलग भी हो सकते हैं। इसके लिए सभी मतदान केन्द्रों पर चुनाव कराने वाली अधिकारियों की टीमें ईवीएम मशीनों के साथ पहुंचा दी गयी हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आम चुनाव-2024 के पहले चरण के मतदान दिवस की पूर्व संध्या पर देश के 97 करोड़ मतदाताओं के नाम संदेश में कहा, “आप अपना वोट डालें और ‘चुनाव का पर्व, देश का गर्व’ के उत्सव में भाग लें।” निर्वाचन आयोग ने चुनाव को सहभागिता के साथ स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तथा प्रलोभन मुक्त रखने और इसके लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। आयोग इन चुनावों के लिए पिछले दो वर्षों से तैयारी कर रहा है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार और निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और श्री सुखबीर सिंह संधू ने चुनाव की तैयारी को अंतिम रूप दिया।

पहले चरण में मताधिकार प्राप्त 16.63 करोड़ मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष और 8.23 करोड़ महिला तथा 11,371 उभयलिंगी मतदाता हैं। पहली बार मतदान करने वाले 35.67 लाख मतदाताओं ने वोट डालने के लिए पंजीकृत किया है। इसके अतिरिक्त 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं। पहले चरण में भाग्य अजमाने के लिए 625 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे है, जिनमें से 1491 पुरुष और 134 महिला उम्मीदवार हैं।

पहले चरण के संसदीय चुनाव में आठ केन्द्रीय मंत्रियों, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक पूर्व राज्यपाल का चुनावी भविष्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में दर्ज होना है। इनमें सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, नागपुर लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार जीतने का प्रयास कर रहे हैं। केन्द्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री किरेन रिजिजू अरुणाचल पश्चिम सीट पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस उम्मीदवार नबाम तुकी के सामने हैं।

## गोड्डा में पुलिस की गोली से युवक की मौत, थाना प्रभारी निलंबित, ASI हुआ गिरफ्तार



गोड्डा : सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस की गोली से एक युवक की मौत मामले में गुरुवार को थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही आरोपित ए एस आई राजनाथ यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ए एस आई पर गैर इरादतन हत्या और आर्म्स एक्ट की धारा में सुंदरपहाड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मामले को लेकर गोड्डा एसडीपीओ ज़े पी एन चौधरी के नेतृत्व में एस आई टी की टीम मामले की जांच कर रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बेनाडिक हेंब्रम लेवी वसूलने आने वाला है।




# धनबाद जिला में एक ही दिन तीन जगह लगी भीषण आग








**आग कहाँ कहाँ लगी -**

1. पूर्वी टुंडी पालोबेडा गांव के एक घर मे
2. बरबड्डा क्षेत्र पांडुकी में लार्सन ऐंड टुब्रो कंपनी के गोदाम में
3. धनबाद डीआरएम आवास के झाड़ियों मे भीषण आग लगी

- **धनबाद / टुंडी/ बड़वाअड्डा -- पूर्वी टुंडी पालोबेडा गांव के एक घर मे भीषण आग लगने से 50 हजार रूपए नगद सहित 10 लाख का सामान जल कर राख़**
- **एक युवक भी झूलसा अस्पताल मे भर्ती**
- **डीजल पेट्रोल का अवैध कारोबार किया जाता था स्टॉक होने के कारण ही आग इतना जबरदस्त रूप से फैला- देवराज गुप्ता अंचलाधिकारी**

पोलिट लाइव रिपोर्टर

टुंडी : पूर्वी टुंडी प्रखंड क्षेत्र स्थित पालोबेडा गांव निवासी मदन भंडारी के घर में गुरुवार दिन लगभग 11 बजे अचानक आग लग गई। आग की लपट इतनी भयानक थी कि घर में रखें समान जलकर पूरी तरह से खाख हो गया।घटना के बाद ग्रामीणों के बीच आग पर काबु पाने को लेकर अपरा तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीण द्वारा अपने अपने मोटर पंप से कुआं और तालाब के पानी को सीधे मकान तक पहुंचा कर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को भी दी गई लेकिन अग्निशमन विभाग के लोगों के पहुंचने तक घर पूरी तरह जल चुकी थी। अग्निशमन वाहन के देर से पहुंचने पर ग्रामीनों का आक्रोश का सामना भी करना पड़ा। आग लगी कि इस घटना में घर के सामने खड़ी एक टाटा मैजिक मालवाहक वाहन, एक बाइक सहित घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।दुर्घटना में मकान मालिक के पुत्र उत्तम भंडारी का साला राजकुमार भंडारी भी आग के चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। घटना की सूचना पाकर पहुंचे पूर्वी टुंडी के थाना प्रभारी मदन चौधरी अंचल अधिकारी देवराज गुप्ता एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से तत्काल बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया गया। आसपास के ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार की आग बुझाने में काफी सहयोग की। आग लगी के इस भीषण घटना में घर में लगी रखे लगभग 50 हजार रूपए नगद सहित डीजे सेट एवं घर के अन्य समान जल गई। जिसका मूल्य करीब 7 से 10 लाख आकलित की गई है। सूत्रों के अनुसार उक्त मकान मालिक के पुत्र उत्तम भंडारी एवं गौतम भंडारी द्वारा टैंकरों से अवैध रूप से डीजल एवं पेट्रोल की निकासी कर डीजल पेट्रोल का अबैध कारोबार भी करते थे, और कयास लगाया जा रहा है की उक्त घर मे डीजल एवं पेट्रोल का बड़ा भंडार था जिसमें आग लगने के कारण ही उक्त बड़ी हादसा हुई। आग इतनी भयवाह था की 2 किलोमीटर दूर से ही धुएं घाना गुब्बार देखा जा सकता था। घटना जिस घर में हुई वह घर एक बड़े बाउंड्री के अंदर स्थिति थी।

घटना के संबंध में पूछे जाने पर पूर्वी टुंडी के अंचलाधिकारी देवराज गुप्ता ने बताया कि ग्रामीणों से उन्हें सूचना मिली है कि आग लगी की घटना जिस घर में हुई है उस घर से डीजल पेट्रोल का अवैध कारोबार किया जाता था उक्त घर में डीजल पेट्रोल का स्टॉक होने के कारण ही आग इतना जबरदस्त रूप से फैला।

बरबड्डा थाना क्षेत्र पांडुकी में लार्सन ऐंड टुब्रो कंपनी के गोदाम में भीषण आग लग गई। मौके पर कंपनी के कर्मचारियों ने स्थानीय थाना पुलिस एवं अग्निशमन विभाग सूचना दी। मौके पर थाना की गश्ती टीम और अग्निशमन विभाग की तीन दमकल वाहन ने पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

लार्सन ऐंड टुब्रो कंपनी के कर्मचारी भानु प्रकाश मिश्रा ने मीडिया को बताया कि पांडुकी में कंपनी का एक गोदाम संचालित होते हैं जहां धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में झारखंड सरकार के द्वारा वाटर ट्रीटमेंट से संबंधित कार्य को संचालित करने वाली सभी समान यहां पर स्टोर किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज कंपनी के गार्ड के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कंपनी के गोदाम में आग लग गई है, लेकिन जानकारी प्राप्त हुई कि बाउंड्री की बॉल से बाहर आग लगाई थी जिस वजह से उड़कर बाउंड्री के अंदर आ गई और यहां पर रखे सभी सामान जिसकी कीमत लाखों में आंकी जा रही है जलकर राख हो गया है। अग्निशमन के पदाधिकारी लक्ष्मण प्रसाद मीडिया को बताया कि बरवाड़ा थाना क्षेत्र के पनडुब्बी में एक कंपनी लार्सन एंड टूब्रो के यहां आग लग गई है। मौके पर पहुंचकर देखा तो आग काफी भयावह रूप धारण कर चुकी थी जबकि कंपनी के कर्मचारी आग बुझाने के लिए प्रयास कर रहे थे, लेकिन नहीं बुझी जिसके बाद अग्निशमन टीम के द्वारा तीन दमकल वाहन से आग पर काबू पा लिया गया है। आग के बारे में बताया जाता है कि कंपनी के बाउंड्री वॉल के बाहर किसी ने आग लगाई थी जिसके बाद वह आगे कंपनी के गोदाम में उड़कर आ गई जिसके बाद यहां पर लगे सभी सामान पूरी तरह से आग के आगोश में आ गए। बरवाड्डा के बाद पूर्वी टुंडी मे आगजनी की दूसरी घटना घटी जबकि तीसरी डीआरएम आवास के झाड़ियों मे लगी आग.


बड़वाअड्डा गोदाम मे लगी भीषण आग

## झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति का बैठक संपन्न



- **संगठन के कुछ लोग निजी लाभ लेने के लिए संगठन को बदनाम कर रहे हैं**

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति का एक बैठक ऐलसी रोड हीरापुर में हुआ, बैठक की अध्यक्षता टनी बनर्जी ने किया, बैठक में सभी वक्ताओं ने एक सुर से कहा कि झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति ने अभी तक धनबाद लोकसभा क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी को अपना समर्थन नहीं दिया है, अगर संगठन के किसी भी बढ़िय साथी अगर किसी भी प्रत्याशी को अपना समर्थन देता है तो वह उसका व्यक्तिगत समर्थन है ना कि संगठन का , संगठन में रहकर किसी भी सदस्य आम सहमति के बिना किसी प्रत्याशी को अपना समर्थन देता है तो वह अपना निजी लाभ लेने के लिए समर्थन दे रहा है, वह व्यक्ति संगठन के खिलाफ काम कर रहा है, इसके खिलाफ संगठन उचित कार्रवाई करेगा, समिति ने अगला बैठक 28 अप्रैल को रखा है,और उसी दिन धनबाद लोकसभा प्रत्याशी जिनका समर्थन समिति द्वारा किया जाएगा उनका नाम का घोषणा किया जाएगा बैठक में मुख्य रूप से भवानी बंदोपाध्याय, सम्राट चौधरी, कल्याण घोषाल, कल्याण भट्टाचार्य, राणा चट्टराज, सुशोभन चक्रवर्ती, बादल सरकार, कल्याण राय, सुरजीत चंद्रा, रघुनाथ राय, देवाशीष पांडे,शिबू चक्रवर्ती, काशीनाथ मंडल, राजू प्रमाणिक, युधिष्ठिर महतो, मिंटू दास, मानिकचंद महतो, प्रकाश मिश्रो, अमिताभ बैनर्जी आदि थें |




# कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने पत्नी लोस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के साथविधायक सरयू राय के घर पहुंच लिया आशीर्वाद

पोलिट लाइव रिपोर्टर

झरखंड: एक तरफ धनबाद लोकसभा चुनाव मतदान की तिथि 25 मई जैसे जैसे करीब आ रही है वैसे वैसे राजनीति में रिश्तों की दूरी मिटाने की कोशिश हो रहीं है...वहीं पार्टी के भीतर भी और पार्टियों से अलग हटकर भी निजी रिश्तों को तवज्जो दी जा रहीं है..

18 अप्रैल 2024 को जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय के सोशल मीडिया से एक अहम तस्वीर सामने आया है..जिसे धनबाद लोक सभा चुनाव के लिए महत्वपूर्ण हैं। कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने पूर्व मंत्री सरयू राय के पैर छुकर लिया आर्शीवाद।

बतातें चलें कि झारखंड की राजनीति के चाणक्य हैं विधायक सरयू राय। जिन्होंने धनबाद भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो की अवैध अकुत संपति



के साथ उनके आपराधिक रिकार्ड को आम जनता के सामने लाया।

इधर धनबाद लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने जबरदस्त इंट्री मारी हैं। धनबाद पहुंचते ही आम जनता से आर्शीवाद व सर्मथन मांगा और विधायक ढुल्लू के खिलाफ जोरदार प्रचार अभियान में जुट गई है.,

और राजनीति के भीष्म पितामह विधायक सरयू राय से आशीर्वाद के रूप मे समर्थन मांगी जो सम्भवतः मिल गया, सोशल मीडिया के अनुसार विधायक सरयू राय अब धनबाद लोक सभा मे दावेदारी नहीं करेंगे, मतलब चुनाव नहीं लड़ेंगे और अपना पूरा समर्थन ढुल्लु के खिलाफ खड़ी अनुपमा सिंह को देंगे.जो दिख भी रही है.



## विधायक राज के घर ढुल्लु पहुंचे विधायक विरंची नारायण के साथ हुई गुप्तगु..

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी सह बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो दूसरी और अपनी जीत को पक्का मे बदलने के लिए बोकारो विधायक विरंची नारायण के साथ गुरुवार की सुबह धनबाद विधायक राज सिन्हा के घर पहुंचकर सन्देश दिया क़ी हम सब चुनाव का मुकाबला के लिए तैयार है

## अर्बन वुड का दीप प्रज्वलित कर बिरसा मुंडा पार्क रोड में किया उद्घाटन

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबादः नवाडीह बिरसा मुंडा पार्क के समीप श्री कॉम्प्लेक्स में एक्सक्लूसिव फर्नीचर शोरूम अर्बन वुड फॉर बैटर होम का उद्‌घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतिष्ठा के ओनर मृत्युंजय राय ने बताया इस शोरूम में लेटेस्ट डिजाइन के आकर्षक एवं मॉडर्न फर्निचर्स विभिन्न रेंज में उपलब्ध है। इसमें राउंड एवं एल आकार के सोफा, डाइनिंग टेबल एवं बेड के कलेक्शंस जो एक से एक खूबसूरत लुक में है जो देखते ही



धनबाद वाशियों को काफी पसंद आ रहे हैं। मृत्युंजय राय ने बताया इनॉग्रेशन के मौके पर शोरूम के सारे चुनिंदा फर्नीचर जो अन्य शोरूम से अलग हटकर है और काफी आदर्श कीमतों पर उपलब्ध है और साथ ही विशेष डिस्काउंट उपलब्ध है जिससे हर एक कस्टमर निश्चित रूप से संतुष्ट होगा। उद्‌घाटन के मौके पर बृजनंदन सिंह,मृत्युंजय राय, रणधीर सिंह, गौतम सोनी समेत अन्य अतिथियों एवं ग्राहकों ने शोरूम का निरीक्षण किया, फर्नीचर बुक किया एवं

**EAST END CONVENT**

Near G. N. College, Rani Road, Bhuda, Dhanbad

Mob.: 8210805005, 9334624678

1. Classes running from NUR. to (+2) Level
   For (+2) : Science, Commerce & Arts.
2. Transportation Facility available at low rate.
3. Computer Lab.
4. Well Known Faculty Subject Wise.
5. Special Care for Weak Students.
6. Fee Structure very less in comparison to other C.B.S.E. School.
7. Extra Curriculum activities regularly.
8. Peaceful and well disciplined environment.
9. Upcoming Science Lab and Library.
10. We create leader through activities.



# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने बाजार समिति स्थित चिन्हित बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर में चल रही तैयारी का निरीक्षण किया।




इस दौरान उन्होंने क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए विधानसभा वार तैयार नक्शे में बने ले-आउट के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। जिसमें वाहनों की पार्किंग/सामग्री/ईवीएम एकत्र करने वाले दर्शाये गए स्थानों के संबंध में भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जानकारी प्राप्त की।

इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां बूथवार मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिंगल एक्सेस पॉइंट, सिटिंग अरेंजमेंट, डबल लॉक सिस्टम, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, सी एवं डी कैटेगरी सुरक्षित बज्र गृह समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की।

उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय के अलावा मूलभूत सुविधाएं, बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था के अलावा बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर में पर्याप्त संख्या में अग्निशमक यंत्र व अग्निशमन के लिए अन्य उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इसके अलावे आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त अधिकारी, मतदान कर्मी की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। साथ ही बाजार समिति परिसर में खड़े सभी वाहनों को बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर के आस पास से अन्य स्थानों पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

मौके पर नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, डायरेक्टर डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर द्विवेदी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला आपदा प्रबंधन प्रबंधक संजय झा, डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने लोकसभा चुनाव2024 के निमित्त की विभिन्न कोषांगों की समीक्षा



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, सोशल मीडिया कोषांग ईवीएम कोषांग, सामग्री कोषांग एवं एमसीएमसी कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में की गई।

बैठक में सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी से लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त अब तक की तैयारी की समीक्षा की गई। इसके अलावा आने वाले दिनों में मतगणना तक की जाने वाली तैयारी की भी चर्चा की गई। ईवीएम कोषांग की समीक्षा करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सेक्टर ऑफिसर्स की टैगिंग, सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था, समुचित सुरक्षा की व्यवस्था, जीपीएस की व्यवस्था समेत कई अन्य बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही मटेरियल सेल की समीक्षा करते हुए उन्होंने कोषांग के वरीय पदाधिकारी को ससमय सभी सामग्री को संबंधित बैग में पैक कर तैयार रखना को कहा।

कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी सादात अनवर ने बताया कि आसान्न लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त मैनपावर की सभी लिस्ट तैयार कर ली गई है। इसके अलावा रिज़र्व डाटा भी तैयार कर लिया गया है, वहीं महिला बूथ की भी डाटा पूरी तरीके से तैयार है। वही प्रशिक्षण कोषांग की समीक्षा करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिए की सभी प्रशिक्षण सभी कर्मियों एवं पदाधिकारी को ससमय करवा दिया जाए ताकि चुनाव से पूर्व किन्हीं भी पदाधिकारी एवं कर्मियों को किसी भी प्रकार का संशय ना रहे।

मीडिया कोषांग, सोशल मीडिया कोषांग एवं एमसीएमसी क्वेश्चन की समीक्षा करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष नजर बनाए रखें। किसी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट होने पर तुरंत उसे पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसके अलावा प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर भी नजर बनाए रखें। ध्यान रहे की कहीं भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन ना हो ना ही किसी प्रकार की कोई फेक न्यूज प्रकाशित हो। उन्होंने कहा कि प्री सर्टिफिकेशन कार्य में किसी प्रकार की होता ही ना बरतें। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ऑब्जर्वर कोषांग एवं एक्सपेंडिचर कोषांग की समीक्षा करते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# निरंतरता नीट में सफलता की कुंजी.....

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : देश के बहूप्रतिष्ठित व कठिनतम प्रतियोगिताओं में से एक नीट (मेडिकल) की परीक्षा 5 मई को होने जा रही है।

अब जबकि 19 दिन शेष हैं। ऐसे में क्या पढ़ें इससे ज्यादा जरूरी है कि क्या ना पढ़ें। और यह सच भी है कि

आपने पूरे वर्ष पढ़ाई किया है। अंतिम समय में अंतिम ताकत लगानी है, हर दिन की टारगेटेड स्टडी की कन्सीस्टेंसी को भी आत्मविश्वास के साथ बनाए रखना है। लेकिन सच यह भी है कि अंतिम तैयारी पावर ऑफ नॉलेज की नहीं अपितु पावर ऑफ इंप्लीमेंट की होती है। ऐसे में मेडिकल प्रतिभागी बचे हुए समय को कैसे सही तरीके से इस्तेमाल कर नीट में सफलता हासिल करें यह बता रहे हैं गोल संस्थान धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद:-

1. मेमोरी बेस्ड पार्ट जैसे इनऑर्गेनिक, ऑर्गेनिक एवं बायोलॉजी में अब तक पढ़ें हुए टॉपिक के एनसीईआरटी के महत्वपूर्ण अंडरलाइन्स को रिवीजन करें।
2. 15 दोनों में कम से कम दो बार रिवीजन करने के तरीके को अपनायें और बचे हुए चार दिन आप वो पढ़ें जो आत्मविश्वास व संतुष्टि दे।
3. नये टॉपिक अब नहीं पढ़ें वरण पढ़ें हुए टॉपिक को ही बार-बार दोहराएं।
4. छात्र अपना समय और क्षमता वहीं लगायें जहां से बेस्ट आउटपुट मिले। यानी अपने सेल्फ स्टडी का सबसे ज्यादा समय स्कोरिंग विषय एवं महत्वपूर्ण टॉपिक पर दें।
5. नीट पैटर्न पर आधारित ऑलइंडिया टेस्ट, स्पोट टेस्ट, डी.पी.पी. के साथ ही वैसे सारे प्रश्नों को दुबारा सॉल्व करें जहां पहले गलतियां हुई हैं।
6. गलतियां को सुधार के क्रम में जो महत्वपूर्ण बिंदु या कॉन्सेप्ट आयी उसे रिकॉल डायरी में नोट कर बीच-बीच में रिवीजन करते रहें।
7. फिजिक्स एवं फिजिकल केमीस्ट्री के फॉर्मूला रिवीजन, थ्यूरिटीकल अंडरलाइन्स एवं ऑर्गेनिक का नेमड रिएक्शन, कन्वर्जन, रिएजेंट नेम के साथ ही विशेषज्ञों द्वारा बताये गये ज्यादा बेटेज वाले टॉपिक पर फोकस करें।
8. टेस्ट में मार्क्स के घटने या बढ़ने से परेशान ना हों, यह सबके साथ होता है, दूसरे से मार्क्स की तुलना ना करें, अपने कमियों पर काम करें, नीट में मार्क्स बढ़ेगा।
9. 2 से 5:20 यानी 200 मिनट में अच्छे प्रदर्शन के लिए ब्रेन को ट्रेंड करें ताकि परीक्षा की रणनीति के साथ मानसिक जुड़ाव बनी रहे, इसलिए इस पीरियड में हर दिन एक टेस्ट जरूर दें। चूंकि आपके हर समस्या का हल आपके मानसिक मजबूती में ही है।
10. परीक्षा हॉल में कोई भी नया प्रयोग ना करें। अब तक बताए गए तरीकों जैसे नेगेटिव मार्किंग से कैसे बचे, स्पीड के साथ एक्यूरेसी कैसे बने, किस विषय से प्रश्नोत्तर शुरू करें, मल्टीपल राउण्ड में प्रश्नों को कैसे बनाएं, ओएमआर सीट कलर कैसे करें, किस विषय पर कितना समय दें, कट ऑफ पार करने के लिए कम से कम कितने प्रश्नों को एटेम्प्ट लें, ऐसे बहुत सारे दुविधाजनक प्रश्नों का समाधान टेस्ट प्रैक्टिस से मिल जाता है, अन्यथा विशेषज्ञ की सलाह लें।
11. असफलता का डर, किसी भी स्थिति में तनाव-दबाव एवं निगेटिविटी को हावी ना होने दें। नींद पूरा लें बीच-बीच में गहरी सांसे लें, फोन से दूरी बनाने की आदत डालें ताकि परीक्षा या टेस्ट के लिए पूरा फोकस कर पाएं, खूब खुश रहें, स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

# मोबाइल, चैन तथा रूपया छीनतई करने वाले तीन सदस्य गैंग को पुलिस ने पकड़ा,सिंदरी एसडीपीओ ने दी जानकारी

पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी : सिंदरी एसडीपीओ कार्यालय सिंदरी में गुरुवार को एसडीपीओ भूपेंद्र प्रसाद राउत ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर प्रत्रकारो को बताया कि पिछले दिनों कुसमाटाँड निवासी रंजीत रवानी अपने पत्नी के साथ धनुवाडीह ओ०पी० आये तथा उन्होने लिखित आवेदन देकर कहा था कि रात्री में वो छलछलीया धौडा से तिलक समारोह में पत्नी के साथ शामिल होकर अपने घर कुसमाटाँड बलियापुर की और जा रहे थे।

उसी क्रम में एक काला रंग का स्पलेण्डर पर सवार जिसमे तीन व्यक्ति सवार थे के द्वारा पिछा किया गाया। पिछा करने के क्रम में उक्त तीनों लोगो के द्वारा मेरे बाईक को धनुवाडीह ओ०पी० क्षेत्र अन्तर्गत लालटेणगंज से करीब 100 मी0 की दुरी पर अचानक से बाइक के आगे आकर रुकवा दिया गया जिसके पश्चात् उन तीनों लोगो के द्वारा मेरे एवं पत्नी का मोबाइल, चैन तथा 5000 रूपया छिन लिया गया। छिनने के बाद वे लोग माइन्स की तरफ भाग गये थे।



भुक्तभोगी के लिखित आवेदन के आधार पर एक टीम का गठन किया गया। उक्त टीम के द्वारा कांड का त्वरित अनुसंधान करते हुए ना केवल काण्ड का खुलासा किया गया बल्की इसमें संलिप्त अपराधकर्मी सुजल केसरी उम्र करीब 20 वर्ष, एवं शेखर रवानी उम्र-करीब 23 वर्ष,को गिरफ्तारी कर घटना में प्रयुक्त बाईक एवं घटना में छिने गये मोबाइल तथा पैसा को बरामद कर लिया गया है। एसडीपीओ ने बताया की दीपक प्रसाद केसरी कोईरीबाँध का रहने वाला है।शेखर रवानी बालुगदा, झरिया, का रहने बाला है।

उन लोगों के पास से घटना में छिना गया लाल रंग का रेडमी मोबाइल,03 (तीन) अन्य मोबाइल,घटना में प्रयोग किया गया ब्लैक क्लर का स्पलेंडर जिसका नं0- जेएच 10 सी पी - 9437,घटना में छिना गया में से 1200 रुपया बरामद किया गया है। उन्होंने बताया की छापामारी दल में पु०अ०नि० पवन कुमार, प्रभारी धनुवाडीह ओ०पी०, पु०अ०नि० लालेन्द्र कुमार सिंह, स०अ०नि० अखिलेश कुमार स०अ०नि० हदया राम,धनुवाडीह ओ०पी० सशस्त्र बल शामिल थे।

## स्मार्ट सिटी गोविंदपुर मे शस्त्र पूजन के साथ अखाड़ा निकाला गया






पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : स्मार्ट सिटी श्री राम नवमी के पावन अवसर पर बाबा भोले नाथ मंदिर से स्मार्ट सीटी विकास कल्याण समिति द्वारा अखाड़ा अध्यक्ष श्रीमती शाकुंतल मिश्रा के नेतृत्व शस्त्र पूजन के साथ अखाड़ा निकाला गया सम्मिलित सभी भैया बहने अपने शस्त्र दंड संचालन प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुऐ नगर भ्रमण की गई कार्यक्रम में सैकरो भैया बहने सम्मिलित हुईं।

## बुजुर्ग के लिए सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल ने रक्त उपलब्ध कराया

पोलिट लाइव रिपोर्टर




तिसरा : धनबाद के सरकारी अस्पताल एसएनएमएमसीएच (पीएमसीएच) में ईलाजरत 72 वर्षीय बुजुर्ग नमिता सिन्हा की हालत को देखते हुए डॉक्टर ने तत्काल दो यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त चढ़ाने की सलाह मरीज के परिजन को दिया जिसमें से एक यूनिट रक्त मरीज के घर के सदस्य ने दिया। उपरोक्त बातें संस्था की महिला सक्रिय सदस्य सोनाली नायक ने संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान को दिया सूचना मिलने के पश्चात श्री चौहान ने श्रीनिवास ब्लड सेंटर प्रबंधक से बात कर मरीज के लिए एक यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त की रक्त प्रदान करने का आग्रह किया इसके कुछ ही देर बाद ब्लड सेंटर द्वारा मरीज के परिजन को रक्त प्रदान कर दी गई, मरीज को तबीयत अब पहले से काफी ठीक हैं संस्था के संस्थापक ने कहा कि यदि आगे भी इन्हें रक्त की आवश्यकता पडी तो संस्था के द्वारा इन्हें उपलब्ध करा दी जाएगी।

## शिवलीबाड़ी बंगला मध्य विद्यालय में जेएससीए के आजीवन सदस्य अभिजीत घोष ने पंखा प्रदान किया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

कुमारधुबी : स्वच्छ पंचायत शिक्षित पंचायत की दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत के बंगला मध्य विद्यालय में जेएससीए के आजीवन सदस्य अभिजीत घोष ने पंखा प्रदान किया।इस दौरान विद्यालय में मौजूद प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तथा प्रधानाध्यापक किस्कू जी से बातचीत करते हुए कहा मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव ने कहा कि विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए जो भी सहयोग शिक्षकों द्वारा मांगा जाएगा विद्यालय को दिया जाएगा। पंचायत को स्वस्थ सुंदर और शिक्षित बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल के लिए एक टीम बनाई गई है। इस टीम में क्षेत्र के शिक्षित वर्ग को रखा गया है ताकि पंचायत की शैक्षणिक गुणवत्ता का स्तर बढ़ सके। पंचायत के सरकारी या गैर सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था हो इसके लिए एक टीम कार्य करती है। मौके पर प्रो डी सिंह, उप मुखिया प्रतिनिधि प्रभाकर कुमार, सीआरपी कालीचरण पंकज कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## चडक पूजा पूर्वी टुंडी मैरानवाटांड के शिव मंदिर में भक्ति भाव से हुआ संपन्न



पोलिट लाइव रिपोर्टर

पूर्वी टुंडी : मैरानवाटांड पंचायत में गुरुवार दिन को शिव मंदिर में बहुत ही भक्ति भाव से चडक पूजा मनाया गया। भगवान के भक्ति में डूबे शिव भक्त गुरुवार को उपवास रखकर भगवान शिव की पूजन किए। धार्मिक आयोजन में आसपास के हजारों महिला पुरुष और वह बच्चे सम्मिलित हुए। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस अवसर पर दो दिवसीय हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन को लेकर आसपास के लोगों में काफी उत्साह देखा गया।सभी के सहयोग से पुजा किया जा रहा है।

## कतरास कोयलांचल में लोहा चोरों के आगे जिला प्रशासन नतमस्तक

### सोनारडीह, धर्माबांध पुलिस व सीआइएसएफ की मिली भगत से हो रही है बीसीसीएल लोहे की लूट

पोलिट लाइव रिपोर्टर

कतरास : धनबाद जिले में कोयला चोरी बंद होने के साथ ही लोहा चोरी का बाजार गर्म हो गया है. आए दिन कोलियारियों में लोहा तस्कर बीसीसीएल के लोहे को कटिंग से कटकर उठाकर ले जा रहे हैं.जिससे बीसीसीएल को प्रति दिन लाखों का नुकसान हो रहा है. उल्लेखनीय है कि बीसीसीएल के पास सीआईएसएफ सहित कई सुरक्षा तंत्र तैनात है, लेकिन लोहा चोरों के आगे सारा व्यवस्था नतमस्तक हो गया है. लोहा चोरों को स्थानीय प्रशासन का भी आशीर्वाद प्राप्त है, जिससे लोहा चोरी में एकाएक इजाफा हो गया है. धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक कोयला व लोहा चोरी पर अंकुश लगाने का लाख दावा करें,लेकिन यहां



स्थानीय प्रशासन के मिली भगत से आए दिन लाखों रुपए की लोहा की तस्करी की जा रही है. धर्माबांध ओपी के पीछे खुदिया नदी के पुराने पुल जिसमें लोहे के मोटे मोटे भारी एंगल को लोहा चोरों ने गैस कट्टर से काटकर सफाया कर दिया. उल्लेखनीय है कि बीसीसीएल ने ट्रांसपोर्टिंग कार्य हेतु उक्त पुल का निर्माण करवाया था.वह मार्ग नीचेदेवघरा और सोनारडीह को जोड़ने वाला मार्ग हैं. हालांकि वह पुल जर्जर अवस्था में हो गया था. जिसके बाद वहां दूसरा नया पुल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है.लेकिन कोयला चोरों ने लाखों रूपये मूल्य के लोहा एंगल को पुलिस के मिली भगत से गायब करने में कामयाब हो गए. अब केवल वहां छह एंगल जो नदी में पड़ा हुआ है जिसे गैस कट्टर से काटने की निशान दिखाई पड़ रही हैं.वह भी सफाया होने में देरी नहीं लगेगा. जबकि कुछ ही दूरी पर धर्माबांध ओपी हैं. लोहा चोर बेखौफ होकर अपना कार्य कर रहे हैं. और पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है.

आए दिन यहां लोहे की तस्करी की जा रही है. लोहा चोरी का मास्टर माइंड धनबाद भुली का हैं. जिसमें राजगंज का तिवारी और श्यामडीह का मो राजा हैं जिसने सोनारडीह ओपी, धर्माबांध मधुबन एवं बरोरा थाना को सैफ जोन बना रखा हैं. धड़ल्ले से लोहा चोरी होना चर्चा का विषय बना हुआ है.

मैनेजिंग संपादक - बिद्युत वर्मा, कार्यालय- गली न0-10, बिनोद नगर, धनबाद-826001, Mobile No. : 9934560545

# टुंडी मंझीलाडीह के श्री श्री 108 हनुमान मंदिर में 25 वीं वर्षगांठ पर भजन संध्या कार्यक्रम हुआ आयोजित

पोलिट लाइव रिपोर्टर

टुंडी : मंझीलाडीह स्थित श्री श्री 108 हनुमान मंदिर के स्थापना के 25 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में बुधवार को मंदिर परिसर में भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के तहत भगुडीह एवं मंझीलाडीह की भजन मंडली नारदियी हरि कीर्तन टीम के द्वारा रंगारंग संगीत मय कार्यक्रम प्रस्तुत की गई, उपस्थित सभी दर्शकों ने हरि कीर्तन का भरपूर आनंद उठाया। कीर्तन टीम द्वारा दी गई प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया सभी भक्त गण भजन के लय में रात भर झूमते रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के संस्थापक सह मुख्य यजमान श्री हरिहर प्रसाद लाला एवं





हनुमान मंदिर के पुजारी श्री सच्चिदानंद पांडे के द्वारा श्रीरामचरितमानस पाठ कर पूजा प्रारंभ किया गया उसके बाद रात भर भजन मंडली का कार्यक्रम चलता रहा। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न किया गया। बताते चलें कि हनुमान मंदिर के संस्थापक श्री हरिहर प्रसाद लाला के द्वारा 1999 में अपने सहयोगी श्री शैलेंद्र मिश्र देवानंद रजवार, प्रभु सिंह, लालजीत सिंह एवं अन्य गणमान्य लोगों के साथ मंदिर की नीव रखी थी।इस वर्ष रामनवमी के मौके पर आकर्षक झांकी जुलूस भी निकला गया जिसमें मुख्य रूप से वरीय अधिवक्ता हेमंत कुमार सिन्हा, चंदन कुमार सिन्हा, जय कृष्ण शरण, प्रेम कृष्ण सिन्हा, रामदेव सिंह, अमित सिन्हा, तारा शरण, हेमलाल कुम्हार, बांके बिहारी, केशव, साहिल, शुभम, प्रवीण सिन्हा, प्रीत सिन्हा, सुमीत सिन्हा, जयदित्य शरण, अभिलाष, समृद्धि सिन्हा, अनोखी एवम समस्त मंझीलाडीह ग्राम वासीयों ने भाग लिया एवं कार्यक्रम को सफल बनाया।

## सिंदरी चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित 24 घंटे का अखंड कीर्तन और रामायण पाठ हुआ संपन्न



पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी : सिंदरी चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा शहरपुरा बाजार में रामनवमी पर्व पर आयोजित शहरपुरा बाजार रामनवमी के अवसर पर आयोजित 24 घंटे का अखंड कीर्तन और रामायण पाठ का गुरुवार को विधिवत संपन्न हो गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिंदरी एसडीपीओ भुपेन्द्र प्रसाद राउत,विशिष्ट अतिथि के रूप में एफसीआईएल सिंदरी के संपदा अधिकारी देव दास अधिकारी,सिंदरी थाना के प्रभारी शैलेस कुमार आदि उपस्थित थे।

24 घंटा कीर्तन एव रामायण पाठ समापन के पस्चात भंडारा सह प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें बडे संख्या शहरपुरा,सिंदरी के दुकानदारों, आमजनता, श्रद्धाभक्त एवं समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए ।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सिंदरी चेम्बर ऑफ कोमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू,सचिव संजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष दिलीप रिटोलिया, ज्वैलरी एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश सोनी, उमाशंकर जी, कृष्णा अग्रवाल, दीपक डे, भारत गोसाई, सुनील भगत, राजू अग्रवाल, रजत ,रवि कुमार , हर्षित, जितेंद्र आदि का योगदान रहा।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण, भारत के धनबाद ईकाई के सदस्यों ने के धूमधाम से मनाई रामनवमी

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम् भ्रष्टाचार निवारण, भारत के धनबाद ईकाई के सदस्यों के द्वारा रामनवमी कार्यकर्म बहुत ही सुंदर एवम् भव्य तरीका से अखाड़ों के खिलाड़ियों एवम् श्रद्धालुयो के बिच ठंडा पानी, शर्बत एवम् प्रशाद के रुप में बुंदिया का वितरण कर साथ में फर्स्ट ऐड का बेबस्था कर सभी सदस्यों के द्वारा शांति पूर्वक मनाया गया, इस कार्यकर्म में संघठन से जुड़े सभी धर्म के सद्स्य अपना अपना बढ़ चढ़ कर भागीदारी दी, समाज में एक भाईचारे के संदेश देने का कार्य किया गया, कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी कार्यकर्त्ता एवम् पधाधिकारी अपना अपना अहम भूमिका निभाई, कार्यक्रम में




प्रदेश महासचिव झारखण्ड के श्री राजेश गुप्ता ने कहा की ये कार्यक्रम हमलोगो के द्वारा प्रति वर्ष किया जाता है, इस तरह का कार्यक्रम करने से समाज में एक अच्छा संदेश पहुंचता हैं की संघठन में हम सब हिंदू, मुस्लिम, सिख,ईसाई एक मंच में मौजूद होकर एक साथ भाईचारा के साथ कार्यक्रम को पुरा किया जाता हैं, श्री गुप्ता जी ने मंच में सभी को संबोधित करते हुए कहा की राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम् भ्रष्टाचार निवारण, भारत के टीम हर समय शोषित,पीड़ित लोगों के लिए खड़े है जब भी किन्ही को दिक्कत या जरुरत पढ़े वो जरूर से जरूर संहठन से सम्पर्क करें उनकी सहायता की जाएगी.

# 9 दिवसीय शतचंडी महायज्ञ एवं देवी भागवत कथा की पूर्णाहुति कौवाबांध गोविंदपुर मे हुई संपन्न

पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : जीटी रोड कौवाबांध स्थित राजविलास रिसोर्ट में आयोजित 9 दिवसीय शतचंडी महायज्ञ एवं देवी भागवत कथा की पूर्णाहुति गुरुवार को हुई। कथा के अंतिम दिन प्रवचन करते हुए देवी भागवत मर्मज्ञ श्रीकांत शर्मा ने कहा कि संस्कारी पुरुष घर से बाहर निकलते हैं तो आचरण सुधार चलते हैं। संस्कारी महिलाएं घर से निकलती है तो आंचल संभाल कर निकलती है। उन्होंने कहा कि आचरण गिरा तो पुरुषों का पतन तय है और आंचल गिरा तो महिलाओं का



पतन हो जाता है । उन्होंने कहा कि महिलाएं भारतीय परिधानों में ही सुसंस्कारित लगती है। वर्तमान में अंग्रेजी शिक्षा के साथ भारतीय परिधानों में भी बदलाव आया है, परंतु घर के बाहर एवं सामाजिक- धार्मिक आयोजनों में कन्या एवं माताओ को परंपरागत भारतीय परिधान ही धारण करना चाहिए ।इसी में सभी की मर्यादा बरकरार रहती है। महामंडलेश्वर बालकानंद गिरि महाराज ने कहा कि आज सभी भारतीयों को घर में गाय पालने का प्रण लेना चाहिए। देश में गायों की संख्या लगातार घट रही है। अब ग्रामीण भी गाय पालन नहीं चाहते, जबकि कल कारखानों में वास्तु दोष के निवारण के लिए उद्यमी गाय पाल रहे हैं । उन्होंने कहा कि गाय के दूध में सभी तरह के विटामिन मौजूद हैं और घर के किसी कोने में यदि गाय का वास होता है तो घर के समस्त वास्तु दोष समाप्त हो जाते हैं। कथा समाप्ति के पूर्व प्रेम प्रकाश दुबे ने सुंदरकांड का सामूहिक पाठ उपस्थित लोगों को कराया। आरती व हवन के बाद भंडारा लगाया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद पाया। कथा आयोजक शंभूनाथ अग्रवाल, नंदलाल अग्रवाल, बलराम अग्रवाल एवं श्याम सुंदर केजरीवाल ने सभी लोगों का आभार जताया।

## आस्चे बोचोर अबार होबे माँ के जयकारे साथ

# नम आंखों से माँ दुर्गा नव पत्रिका का विसर्जन राजगंज मे संपन्न

पोलिट लाइव रिपोर्टर

राजगंज : "आस्चे बोचोर अबार होबे माँ!" (अगले साल फिर से होगा माँ!) नम आंखों और उमड़ती भावनाओं के साथ शुक्रवार को माँ दुर्गा नव पत्रिका का विसर्जन किया गया।बजरंग बली दल राजगंज सह चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित चैती दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर विजयादशमी के अवसर पर मनोज पांडेय,मुन्ना पांडेय व मुख्य यजमान सुबोध चौरासिया व इनकी पत्नी वंदना देवी की





अगुवाई में पाठ,दशमी पूजन,शांति जल छिड़काव, महाआरती किया गया तत्पश्चात नावपत्रिका विसर्जन किया गया।गाजे बाजे के साथ निकली नवपत्रिका विसर्जन मंदिर परिसर से निकलकर राजगंज बाजार होते हुवे धावाचिता नदी पहुंची यहां वैष्णवी वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नवपत्रिका विसर्जन किया गया।इस दौरान महिलाओं ने नदी परिसर में सिंदूर खेला का आयोजन किया व एक दूसरे को सिंदूर लगा कर जहां मां से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा गया, वहीं मां की प्रतिमा के समक्ष सुहाग के प्रतीक सिंदूर को एक-दूसरे को लगाकर महिलाओं ने आनंद मनाया।विसर्जन के बाद मंदिर परिसर में ब्राह्मण भोजन करवाया गया।साथ ही 20 अप्रैल को महाभण्डारा का आयोजन किया गया है।

## गिरिडीह के एनडीए उम्मीदवार चन्द्र प्रकाश चौधरी ने भाजपा कार्यकर्ताओ संग पूर्वी टुंडी शंकरडीह मे किया बैठक



पोलिट लाइव रिपोर्टर

पूर्वी टुंडी : पूर्वी टुंडी शंकरडीह स्थित शाश्वत वाटिक मे लोकसभा चुनाव के निमित गिरिडीह लोकसभा के एनडीए उम्मीदवार चन्द्र प्रकाश चौधरी भाजपा कार्यकर्ताओ संग मंडल अध्यक्ष समीर कुमार साव की अध्यक्षता में बैठक किए । श्री चौधरी ने केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्य की उपलब्धियां को बताया।

कार्यक्रम पंचायत के संयोजक सह संयोजक,प्रभारी,प्रखंड के कार्यकर्ता समेत मंच मोर्चा के अध्यक्ष ने लिया भाग और अबकी बार 400 पार के मूल मंत्र पर की रणनीति तैयार,बैठक में लोकसभा संयोजक प्रकाश सेठ,विधानसभा प्रभारी विनय सिंह,जिला अध्यक्ष घनसायम भाजपा नेता ज्ञान रंजन सिन्हा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष महादेव कुमार समेत प्रमुख नेता हुए शामिल |

## बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के नेता एस के बक्शी की तीसरी पुण्यतिथि गोलकडीह मे हुई संपन्न




पोलिट लाइव रिपोर्टर

तिसरा: बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के नेता एस के बक्शी की तीसरी पुण्यतिथि गुरुवार को यूनियन कार्यालय गोलकडीह मैं संपन्न हुई उनके चित्र पर संगठन की ओर से माल्यार्पण किया गया। 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के क्षेत्रीय सचिव तुलसीदास ने बताया कि एस के बक्शी हमेशा मजदूरों के लिए काम करते थे संगठन और पार्टी से मतलब नहीं था कोई भी मजदूर किसी काम से भी जाते हैं तत्काल उनका काम करने के लिए आगे रहते हैं इसलिए मजदूरों के प्रिया थे उनका हक और अधिकार हमेशा लड़ते थे खासकर ठेका मजदूर का न्यूनतम मजदूरी जमीन के बदले किसानों का नौकरी मुआवजा के लिए हमेशा संघर्ष किया आज उनकी कमी कर रही है उनके बताए गए रास्ते पर चलकर ही हम सच्ची श्रद्धांजलि देंगे। मौके पर तेजेंद्र वर्मा दिलीप नाग प्रदीप रवानी जय नारायण मल्लाह अभिजीत हलधर और बनवारी शर्मा धीरज प्रमाणिक गंगाधर यादव अलीमुद्दीन बबलू मुंडा आदि थे।

ISO Certified Institute
आओ पढ़ो और सिखो
पढ़ाई क्या और कैसे होती है...
तकनीकी की दुनिया में एक सोंच जो बनाए आपको आत्मनिर्भर
S. K. COMPUTER & SCIENCE CLASSES
थाना के बगल में (ओपोजिट-गोबिन्दपुर, पोस्ट ऑफिस)
जी० टी० रोड, गोविन्दपुर, धनबाद
ALL COMPUTER COURSE
D.C.A.
D.T.P.
A.D.C.A.
Hardware
Tally Prime
Advance Tally
JAVA, CC++, PYTHON
100% JOB ORIENTED
ADMISSION GOING ON
Tally ERP-9 With GST
(Accounting Project & Working Experience)
ALL SCIENCE COURSE
9th
10th
11th
12th
B.Sc.
M.Sc.
Polytechnic
एक कदम सफलता की ओर .....
Our Facilities :-
• Separate Batch for Girls Classes • Limit Students Per Batch
• Monthly Test Series • Extra Care of Weak Students • Anytime Doubt Clearing Session • Test Series के आधार पर Rotation Classes
ARTS 11th,12th & B.A.
आर्ट्स की सभी विषयों की कक्षाएँ होती है।
SPOKEN ENGLISH
एक ऐसा नाम जिस पर सबको है विश्वास, क्योंकि सफलता ही हमारी पहचान है।
Mr. Sanjay Sir (16th Years Expert)
7870445144, 9931843186
Md. Shamim Sir (16th Years Expert)
9798858597, 7050933955
New Aruna Press # 9973748859